रजिस्टर्ड नं0 एल0-33/एस0एम0 14.

हिमाचल प्रदेश

राजपत्र, हिमाचल प्रदेश

(असाधारण)

हिमाचल प्रदेश राज्यशासन द्वारा प्रकाशित

शिमला, शनिवार, 24 नवम्बर, 1990/3 अग्रहायण, 1912

हिमाचल प्रदेश सरकार

विधि विभाग

(विधायी एवं राजभाषा खण्ड)

अधिसूचना

शिमला-2, 1 अगस्त, 1990

सं0 एल0एल0आर0 (राजभाषा) बी0 (16)-12/90.—हिमाचल प्रदेश के राज्यपाल, हिमाचल प्रदेश राजभाषा (अनुपूरक उपबन्ध) अधिनियम, 1981 (1981 का 12) की धारा 3 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए "दि हिमाचल प्रदेश कोर्ट फीस ऐक्ट, 1968 (1968 का 8)" के, संलग्न अधिप्रमाणिक राजभाषा रूपान्तर को एतद्द्वारा राजपत्र, हिमाचल प्रदेश में प्रकाशित करने का आदेश देते हैं। यह उक्त अधिनियम का

राजभाषा (हिन्दी) में प्राधिकृत पाठ समझा जाएगा और इसके परिणामस्वरूप भविष्य में यदि उक्त अधिनियम में कोई संशोधन करना अपेक्षित हो, तो वह राजभाषा में ही करना अनिवार्य होगा ।

हस्ताक्षरित
सचिव ।

1968 का 8

हिमाचल प्रदेश न्यायालय फीस अधिनियम, 1968

हिमाचल प्रदेश राज्य में न्यायालय फीसों के उदग्रहण के लिए अधिनियम

भारत गणराज्य के उन्नीसवें वर्ष में, हिमाचल प्रदेश विधान सभा द्वारा निम्नलिखित रूप में यह अधिनियमित हो:—

अध्याय-1

प्रारम्भिक

संक्षिप्त नाम, विस्तार और प्रारम्भ।

1. (1) इस अधिनियम का संक्षिप्त नाम हिमाचल प्रदेश न्यायालय फीस अधिनियम, 1968 है ।

(2) इसका विस्तार सम्पूर्ण हिमाचल प्रदेश राज्य पर है।

(3) यह तुरन्त प्रवृत्त होगा।

परिभाषाएं।

2. इस अधिनियम में, जब तक कि सन्दर्भ से अन्यथा अपेक्षित न हो,—

(क) "उच्च न्यायालय" से हिमाचल प्रदेश का उच्च न्यायालय अभिप्रेत है ;

(ख) "राजपत्र" से राजपत्र, हिमाचल प्रदेश अभिप्रेत है ;

(ग) "राज्य सरकार" से हिमाचल प्रदेश सरकार अभिप्रेत है।

अध्याय-2

उच्च न्यायालय में फीसें

उच्च न्यायालय में फीसों का उदग्रहण।

3. वे फीसें, जो उच्च न्यायालय के लिपिकों और अधिकारियों को तत्समय संदेय हैं या उस न्यायालय में इस अधिनियम से उपाबद्ध प्रथम अनुसूची के संख्या 9 और द्वितीय अनुसूची के संख्यांक 7, 10, 11, 16 और 17 के अधीन प्रभार्य हैं, इसमें इसके पश्चात् बताई गई रीति से संग्रहीत की जायेगी।

उच्च न्यायालय में, उसकी साधारण या असाधारण अधिकारिता में फाईल किए गए दस्तावेजों आदि पर फीसें।

4. इस अधिनियम से उपाबद्ध प्रथम या द्वितीय अनुसूची में फीसों से प्रभार्य के रूप में विनिर्दिष्ट किस्मों में से किसी किस्म का कोई भी दस्तावेज, ऐसे उच्च न्यायालय के समक्ष,—

(क) उसकी साधारण या असाधारण आरम्भिक सिविल अधिकारिता के प्रयोग में; या

(ख) उसके अधीक्षण के अधीन न्यायालयों से अपीलों के बारे में उसकी अधिकारिता के प्रयोग में;

(ग) निर्देश या पुनरीक्षण न्यायालय के रूप में उसकी अधिकारिता के प्रयोग में ;

(घ) भारतीय संविधान के अधीन निदेश, आदेश या रिट जारी करने की उसकी अधिकारिता के प्रयोग में; या

(ङ) किसी अन्य रीति से उसकी अधिकारिता के प्रयोग में ; आने वाले किसी मामले में ऐसे न्यायालय में फाईल, प्रदर्शित या अभिलिखित या, ऐसे न्यायालय द्वारा प्राप्त की या दी न जायेगी जब तक कि ऐसे दस्तावेज के बारे में उक्त अनुसूचियों में से किसी में भी ऐसे दस्तावेज के लिए उचित फीस के रूप में उपदर्शित फीस से अन्यून फीस संदत्त न कर दी गई हो।

फीस की आवश्यकता या रकम की बाबत मतभेद होने की दशा में प्रक्रिया।

5. (1) जब उस अधिकारी के, जिसका कर्तव्य यह देखना है कि इस अध्याय के अधीन कोई फीस दी जाए, और किसी वादकर्ता या अटर्नी के बीच फीस के संदाय की आवश्यकता या उसकी रकम की बाबत कोई मतभेद पैदा होता है तो वह प्रश्न जब मतभेद उच्च न्यायालय में पैदा होता है विनिर्धारक अधिकारी को निर्देशित किया जायेगा जिसका उस पर विनिश्चय तब के सिवाय अन्तिम होगा, जब कि प्रश्न उसकी राय में सार्वजनिक महत्व का है, जिस दशा में उसे वह उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायामूर्ति को या उच्च न्यायालय के ऐसे न्यायाधीश को, जिसे मुख्य न्यायमूर्ति साधारणतया या विशेषतया इस निमित्त नियुक्त करेगा, अन्तिम विनिश्चय के लिए निर्देशित करेगा ।

(2) उच्च न्यायालय का मुख्य न्यायामूर्ति यह घोषित करेगा कि उप-धारा (1) के प्रयोजन के लिए विनिर्धारक अधिकारी कौन होगा।

अध्याय—3

अन्य न्यायालयों में लोक कार्यालयों में फीसें

मुफस्सिल न्यायालयों में या लोक कार्यालयों में फाईल किए गए दस्तावेजों आदि पर फीसें।

6. इस अधिनियम से उपाबद्ध प्रथम या द्वितीय अनुसूची में प्रभार्य के रूप में विनिर्दिष्ट किस्मों में से किसी किस्म का कोई भी दस्तावेज, किसी न्यायालय में फाईल, प्रदर्शित या अभिलिखित नहीं किया जायेगा या किसी लोक अधिकारी द्वारा प्राप्त किया या दिया न जायेगा जब तक कि ऐसे दस्तावेज के बारे में उक्त अनुसूचियों में से किसी में भी ऐसे दस्तावेज के लिए उचित फीस के रूप में उपदर्शित फीस से अन्यून फीस संदत्त न कर दी गई हो।

कुछ वादों में सदेय फीसों की संगणना।

7. इसमें इसके ठीक पश्चात् वर्णित वादों में इस अधिनियम के अधीन संदेय फीस की संगणना नीचे लिखे अनुसार की जायेगी :—

(*i*) **धन के वादों में**—धन के वादों में (जिनके अन्तर्गत नुकसानी या प्रतिकर के अथवा भरण-पोषण, वार्षिकियों के या कालावधिक रूप से संदेय अन्य धनराशियों के बकाया के बाद भी हैं (दावाकृत रकम के अनुसार) :

(*ii*) **भरण-पोषण और वार्षिकियों के वादों में**—(क) भरण-पोषण और वार्षिकियों या कालावधिक रूप से संदेय अन्य धनराशियों के वादों में,—वाद की विषय वस्तु के मूल्य के अनुसार, और यह समझा जाएगा कि ऐसा मूल्य एक वर्ष के लिए संदेय दावाकृत रकम का दस गुणा है ;

(ख) भरण-पोषण और वार्षिकियों या कालावधिक रूप से संदेय अन्य धनराशियों की कटौती अथवा बढ़ौतरी के वादों में,—वाद की विषय वस्तु के मूल्य के अनुसार और यह समझा जायेगा कि ऐसा मूल्य एक वर्ष के लिये कम किए जाने वाली अथवा बढ़ाई जाने वाली राशि का दस गुणा है ;

(*iii*) **बाजार मूल्य वाली अन्य जंगम सम्पत्ति के वादों में**—अधन से भिन्न जंगम सम्पत्ति के वादों में, जहां विषय-वस्तु का बाजार मूल्य है,—वाद पत्र के पेश होने की तारीख पर ऐसे मूल्य के अनुसार ;

(*iv*) निम्न वादों में—

(क) बिना बाजार मूल्य की जंगम सम्पत्ति के वादों में,—जंगम सम्पत्ति के वादों में जहां विषय-वस्तु का बाजार मूल्य नहीं है, उदाहरणार्थ, हक सम्बन्धी दस्तावेजों के मामले में ;

(ख) अविभक्त कुटुम्ब की सम्पत्ति में अंश के अधिकार को प्रवर्तित कराने के वादों में,—किसी सम्पत्ति में इस आधार पर कि वह अविभक्त कुटुम्ब की सम्पत्ति है, अंश पाने के अधिकार को प्रवर्तित कराने के वादों में ;

(ग) घोषणात्मक डिक्री और पारिणामिक अनुतोष के वादों में,—घोषणात्मक डिक्री का आदेश अभिप्राप्त करने के वादों में, जहां पारिणामिक अनुतोष प्रार्थित है ;

(घ) व्यादेश के वादों में,—व्यादेश अभिप्राप्त करने के वादों में ;

(ङ) सुखाचार के वादों में,—भूमि से उद्भूत होने वाले किसी लाभ के अधिकार (जिसके लिए इसमें अन्यथा उपबन्ध नहीं है) वादों में; और

(च) लेखाओं के वादों में,—लेखाओं के वादों में; वादपत्र या अपील के ज्ञापन में किए गए इप्सित अनुतोष के मूल्यांकन की रकम के अनुसार ;

इन सभी वादों में वादी, इप्सित अनुतोष मूल्यांकन की रकम का कथन करेगा :

परन्तु यह कि प्रत्येक मामले में न्यूनतम न्यायालय फीस तेरह रुपये होगी :

परन्तु और यह कि उप-खण्ड (ग) के अधीन आने वाले वाद में, उन मामलों में जहां पर इप्सित अनुतोष किसी सम्पत्ति के प्रति निर्देश में है, ऐसा मूल्यांकन इस धारा के पैरा (*v*) में उपबन्धित रीति द्वारा संगणित सम्पत्ति के मूल्य से अन्यून नहीं होगा।

(*v*) भूमि, गृहों और उद्यानों के कब्जे के वादों में,—भूमि, गृहों और उद्यानों के कब्जे के वादों में विषय-वस्तु के मूल्य के अनुसार, और यह समझा जायेगा कि ऐसा मूल्य:—

जहां विषय वस्तु भूमि है, और—

(क) जहां भूमि, सरकार को वार्षिक राजस्व देने वाली सकल सम्पदा या सम्पदा का निश्चित अंश है, या ऐसी सम्पदा का भाग रूप है और कलक्टर के रजिस्टर में यह अभिलिखित है कि उस पर ऐसा राजस्व पृथकतः निर्धारित है, और ऐसा राजस्व स्थायी रूप से परिनिर्धारित है, वहां—ऐसे संदेय राजस्व का दस गुणा है ;

(ख) जहां भूमि, सरकार को वार्षिक राजस्व देने वाली सकल सम्पदा या सम्पदा का निश्चित अंश है या ऐसा सम्पदा का भाग रूप है, और यथा-पूर्वोक्त अभिलिखित है; और ऐसा राजस्व परिनिर्धारित है

किन्तु स्थायी रूप से नहीं, वहां---इस प्रकार संदेय राजस्व का पांच गुणा है ;

(ग) जहां भूमि, ऐसा कोई भी राजस्व नहीं देती है या ऐसे संदाय से भागत: छूट प्राप्त है या ऐसे राजस्व के बदले किसी नियत संदाय से भारित है, और वाद पत्र पेश उपस्थित करने की तारीख के ठीक पूर्व के वर्ष में उस भूमि से शुद्ध लाभ उदभूत हुए हैं, वहां---ऐसे शुद्ध लाभों का पंद्रह गुणा है; किन्तु जहां ऐसे कोई भी शुद्ध लाभ उस से उदभूत नहीं हुए हैं, वहां वह रकम है जो न्यायालय पड़ौस की वैसी ही भूमि के मूल्य के प्रति निर्देश से उस भूमि के लिए प्राक्कलित करें :

(घ) जहां भूमि सरकार को राजस्व देने वाली किसी सम्पदा का भाग है किन्तु ऐसी सम्पदा का निश्चित अंश नहीं है और यथापूर्ववर्णित पृथक है निर्धारित नहीं है, वहां उस भूमि का बाजार मूल्य है ।

स्पष्टीकरण:---इस पैरा में यथा प्रयुक्त "सम्पदा" शब्द से अभिप्रेत है वह भूमि जो राजस्व का संदाय करने के लिए दायी है जिसके लिए भू-स्वामी या कृषक या रैयत में सरकार से अलग वचनबद्ध निष्पादित किया है या जिस पर ऐसे वचनबद्ध के अभाव मे राजस्व पृथकत: निर्धारित होता ;

(ङ) गृहों और उद्योनों के वादों में,-- जहां विषय-वस्तु कोई गृह या उद्यान है, वहां उस गृह या उद्यान के बाजार मूल्य के अनुसार;

(*vi*) शुफाधिकार का प्रवर्तन कराना.---शुफाधिकार प्रवर्तित कराने के वादों में, उस भूमि, गृह या उद्यान जिसके बारे में अधिकार का दावा किया जाए इस धारा के पैरा (V) के अनुसार संगणित मूल्य के अनुसार ;

(*vii*) भू-राजस्व के समनुदेशिति के हित के लिए,---भू-राजस्व के समनुदेशिति के हित के लिये वादों में---वाद पत्र के पेश किए जाने की तारीख के ठीक पहले के वर्ष के उस के इस प्रकार के शुद्ध लाभों का पन्द्रह गुणा ।

(*viii*) कुर्की अपास्त कराना.---कुर्की अपास्त कराने के वादों में,---भूमि की अथवा भूमि में हित या राजस्व में कुर्की को अपास्त कराने के वादों में,---उस रकम के अनुसार जिसके लिए वह भूमि या हित कुर्क किया गया था :

परन्तु जहां ऐसी रकम, उस भूमि या हित के मूल्य से अधिक है वहां फीस की रकम की संगणना ऐसे की जायेगी मानों वह दावा उस भूमि या हित के कब्जे के लिए हो ।

(*ix*) मोचन के वादों में.---बन्धकदार के विरुद्ध बंधक सम्पत्ति के प्रत्युद्धरण के लिए वादों में,---बन्धक-पत्र द्वारा अभिव्यक्त प्रतिभूत मूलधन के आधे के अनुसार; पुरोबन्धित कराना,---और बन्धकदार द्वारा बंधक के पुरोबन्धित कराने के वादों में, या जहां बंधक सशर्त विक्रय द्वारा किया जाता है वहां विक्रय को आत्यंतिक घोषित कराने के वादों में, बन्धक-पत्र द्वारा अभिव्यक्त प्रतिभूत मूलधन के अनुसार।

(*x*) विनिर्दिष्ट पालन के लिये.---निम्नलिखित विनिर्दिष्ट पालन के वादों में,---

(क) विक्रय की संविदा के वादों में,---प्रतिफल की रकम के अनुसार ;
(ख) बंधक की संविदा क वादों में,---करार म प्रतिभूत रकम के अनुसार ;

(ग) पट्टे की संविदा के बादों में,—जुर्माना या प्रीमियम (यदि कोई हो) और अवधि के पहले वर्ष के दौरान संदाय के लिए करार किए गए भाटक के योग की रकम के अनुसार ;

(घ) पंचाट के बादों में—विवादग्रस्त रकम या सम्पत्ति के मूल्य के अनुसार ;

(*xi*) भू-स्वामी और अभिधारी के बीच.—भू-स्वामी और अभिधारी के बीच निम्नलिखित बादों में :—

(क) अभिधारी से पट्टे का प्रतिलेख परिदत्त कराने के लिए;

(ख) अधिभोगाधिकार रखने वाले अभिधारी के भाटक की वृद्धि के लिए ;

(ग) भू-स्वामी से पट्टा परिदत्त कराने के लिए ;

(घ) अभिधारी से, जिसके अन्तर्गत अभिधृति के पर्यवसान के पश्चात् अभिधारण करने वाला अभिधारी आता है, स्थावर सम्पत्ति के प्रत्युद्धरण के लिए;

(ङ) बेदखली के नोटिस का प्रतिवाद करने के लिए ;

(च) उस स्थावर सम्पत्ति के अधिभोग के प्रत्युद्धरण के लिए जिससे भूस्वामी ने किसी अभिधारी को अवैध रूप से बेदखल कर दिया है ; और

(छ) भाटक के उपशमन के लिए—वाद के पेश किए जाने की तारीख के ठीक पूर्ववर्ती वर्ष के लिए संदाय उस स्थावर सम्पत्ति के जिसमें प्रतिवाद में निर्देश है, भाटक की रकम के अनुसार।

प्रतिकर सम्बन्धी आदेश के विरूद्ध अपील के ज्ञापन पर फीस ।

8. भूमि का लोक प्रयोजनार्थ अर्जन करने के लिए तत्समय प्रवृत्त किसी अधिनियम के अधीन प्रतिकर सम्बन्धी आदेश के विरुद्ध अपील के ज्ञापन पर, इस अधिनियम के अधीन संदेय फीस की संगणना अधिनिर्णीत रकम और अपीलार्थी द्वारा दावाकृत रकम के बीच अन्तर के अनुसार की जायगी।

शुद्ध लाभ या बाजार मूल्य के विनिश्चयन की शक्ति ।

9. यदि न्यायालय यह विचार करने का कारण देख कि धारा 7 के पैरा (*v*) और (*vi*) में यथावर्णित किसी ऐसी भूमि, गृह या उद्यान के वार्षिक शुद्ध लाभ या बाजार मूल्य का प्राक्कलन गलत तौर पर किया गया है तो उन में वर्णित किसी वाद में संदेय फीस की संगणना के प्रयोजनार्थ, न्यायालय, किसी उचित व्यक्ति को यह निदेश देने वाला कमीशन निकाल सकेगा कि वह आवश्यक ऐसे स्थानीय या अन्य अन्वेषण करे जो हो, और उस पर न्यायालय को रिपोर्ट दें।

प्रक्रिया जहां शुद्ध लाभ या बाजार मूल्य गलत तौर पर प्राक्कलित हुआ है।

10. (*i*) यदि किसी ऐसे अन्वेषण के परिणामस्वरूप न्यायालय यह पाता है कि शुद्ध लाभों या बाजार मूल्य का प्राक्कलन गलत तौर पर किया गया है तो न्यायालय, यदि प्राक्कलन अत्याधिक हुआ है तो ऐसी फीस के रूप में संदत्त आधिक्य को स्वविवेकानुसार वापस कर सकेगा, किन्तु यदि प्राक्कलन अपर्याप्त हुआ है तो न्यायालय वादी से अपेक्षा करेगा कि वह उतनी अतिरिक्त फीस दे जितनी उक्त बाजार-मूल्य या शुद्ध लाभों का प्राक्कलन सही तौर पर किए जाने पर संदेय होती।

(*ii*) ऐसी दशा में बाद अतिरिक्त फीस संदत्त किए जाने तक रोक दिया जायेगा और यदि अतिरिक्त फीस, ऐसे समय के अन्दर जो न्यायालय नियत करेगा, संदत्त नहीं की जाती है तो वाद खारिज कर दिया जायेगा।

अंतःकालीन लाभों या लेखों के लिए वादों में प्रक्रिया, जब डिक्रीत रकम दावाकृत रकम से अधिक है ।

11. (1) अंतःकालीन लाभों के लिए या स्थावर सम्पत्ति और अंतःकालीन लाभों के लिए लेखा के लिए वादों में, यदि लाभ या डिक्रीत रकम दावाकृत लाभ मे या उस रकम से, जिस पर वादी ने इष्टित अनुतोष का मूल्यांकन किया है, अधिक है तो डिक्री का निष्पादन तब तक नहीं किया जायेगा जब तक कि उचित अधिकारी को वह अन्तर संदत्त न कर दिया जाए, जो वस्तुतः संदत्त फीस और संदेय उस फीस में है जो इस प्रकार डिक्रीत संपूर्ण लाभों या रकम के समावेश वाद में होने पर संदाय होती ।

(2) जहां अन्तःकालीन लाभ की रकम को अभिनिश्चित डिक्री के निष्पादन के दौरान के लिए छोड़ दिया जाता है वहां, यदि इस प्रकार अभिनिश्चित लाभ दावाकृत लाभों से अधिक है तो डिक्री का आगे निष्पादन तब तक क लिए रोक दिया जायेगा जब तक कि वह अन्तर संदत्त नहीं कर दिया जाये जो वस्तुतः संदत्त फीस और उस फीस में है जो ऐसे अभिनिश्चित संपूर्ण लाभ का समावेश वाद में होने पर संदेय होती और यदि अतिरिक्त फीस उस समय के अन्दर जो न्यायालय नियत करेगा संदत्त नहीं की जाती है तो वाद खारिज कर दिया जायेगा ।

मूल्यांकन संबंधी प्रश्नों का विनिश्चय ।

12. (1) वाद पत्र या अपील के ज्ञापन पर इस अध्याय के अधीन प्रभार्य किसी फीस की रकम के अवधारण क प्रयोजनार्थ मूल्यांकन संबन्धी हर प्रश्न का विनिश्चय उस न्यायालय द्वारा किया जायेगा जिसमें, यथास्थिति, ऐसा वाद पत्र या ज्ञापन फाईल किया जाता है और जहां तक वाद के पक्षकारों का संबंध है, ऐसा विनिश्चय अन्तिम होगा ।

(2) किन्तु जब कभी ऐसा कोई वाद अपील, निर्देश या पुनरीक्षण न्यायालय के समक्ष आता है तब, यदि उस न्यायालय का यह विचार है कि उक्त प्रश्न का विनिश्चय गलत तौर पर किया गया है जिससे राजस्व का अपाय हुआ है तो, वह उस पक्षकार से, जिसने ऐसी फीस संदत्त की है, अपेक्षा करेगा कि वह उतनी अतिरिक्त फीस संदत्त करे जो उस प्रश्न का विनिश्चय सही तौर पर किए जाने पर संदेय होती और धारा 10 की उप-धारा (2) के उपबंध लागू होंगे ।

अपील के ज्ञापन पर संदत्त फीस की वापसी ।

13. यदि ऐसी किसी अपील या वाद पत्र जो सिविल प्रक्रिया संहिता, 1908 में वर्णित आधारों में से किसी आधार पर निचले न्यायालय द्वारा नामंजूर कर दिया गया है, ग्रहण कर लिए जाने का आदेश दिया जाता है या यदि अपील में कोई वाद निचले न्यायालय द्वारा दोबारा विनिश्चय के लिए उसी संहिता की प्रथम अनुसूची के आदेश इकतालीस (41) नियम 23 के अधीन प्रतिप्रेषित किया जाता है, तो अपील न्यायालय, अपीलार्थी को अपील का एक प्रमाण-पत्र अनुदत्त करेगा जो अपील के ज्ञापन पर संदत्त फीस को पूरी रकम कलक्टर से वापस पाने के लिए उसे प्राधिकृत करेगा : 1906

परन्तु यदि अपील में, प्रतिप्रेषण की दशा में, प्रतिप्रेषण का आदेश वाद की संपूर्ण विषयवस्तु के लिए नहीं है तो इस प्रकार अनुदत्त प्रमाण-पत्र अपीलार्थी को, विषयवस्तु के उस भाग या उन भागों पर, जिनके बारे में वाद प्रतिप्रषित किया गया है, मूलतः संदेय फीस से अधिक फीस पाने के लिए प्राधिकृत न करेगा ।

निणय के पुनर्विलोकन के लिए आवदन पर फीस की वापसी ।

14. जहां निर्णय के पुनर्विलोकन के लिए आवेदन, डिक्री की तारीख से नब्बवें दिन पर या तत्पश्चात् पेश किया जाता है वहां न्यायालय, तब क सिवाय जब कि विलम्ब आवेदक की ढिलाई से कारित हुआ है, उसे स्वविवेकानुसार एक प्रमाण-पत्र अनुदत्त कर सकगा जो उसे आवेदन कर संदत्त फीस में से उतनी फीस कलक्टर से वापस पान के लिए प्राधिकृत करेगा, जितनी उस फीस से अधिक है जो आवदन के ऐसे दिन के पूर्व पेश किए जाने की दशा में संदेय होती ।

जहां न्यायालय अपना पूर्व विनिश्चय भूल के आधार पर उलट देता है या उपांतरित कर देता है वहां फीस की वापसी।

15. जहां निर्णय के पुनर्विलोकन के लिए आवेदन ग्रहण कर लिया जाता है, और जहां, पुनः सुनवाई पर न्यायालय अपने पूर्व विनिश्चय को विधि या तथ्य की भूल के आधार पर उलट देता है या उपांतरित कर देता है वहां आवेदक न्यायालय से एक प्रमाण-पत्र पाने का हकदार होगा जो उस आवेदन पर संदत्त फीस में से उतनी फीस कलक्टर से वापस पाने के लिए प्राधिकृत करेगा जितनी उस फीस से अधिक है जो ऐसे न्यायालय में दिए गए किसी अन्य आवेदन पर इस अधिनियम के द्वितीय अनुसूची के संख्यांक 1 के खण्ड (ख) या खण्ड (घ) के अधीन संदेय होती :

किन्तु, इस धारा के पूर्ववर्ती भाग की कोई भी बात आवेदक को ऐसे प्रमाण-पत्र का हकदार नहीं बनायेगी, जहां उलटाव या उपांतरण, पूर्णतः या भागतः ऐसे नए साक्ष्य के कारण होता है, जो आरंभिक सुनवाई में पेश किया जा सकता था।

बाहुल्यपूर्ण वाद।

16. जहां वाद में दो या अधिक सुस्पष्ट विषय समाविष्ट हैं वहां वाद-पत्र या अपील के ज्ञापन पर ऐसे विषयों में से हर एक का अलग-अलग समावेश करने वाले वादों में वाद-पत्रों या अपील के ज्ञापनों पर इस अधिनियम के अधीन दायी फीसों के योग की रकम प्रभार्य होगी ।

इस धारा के पूर्ववर्ती भाग की कोई भी बात सिविल प्रक्रिय संहिता की प्रथम अनुसूची के आदेश 11 नियम 6, द्वारा प्रदत्त शक्तियों पर प्रभाव डालने वाली नहीं समझी जायेगी ।

परिवादियों की लिखित परीक्षा।

17. जब ऐसे व्यक्ति की, जो संदोष परिरोध या संदोष अवरोध के अपराध का, या ऐसे किसी भी अपराध से, जिसके लिए पुलिस अधिकारी वारण्ट के बिना गिरफ्तार कर सकते हैं, भिन्न किसी अपराध का परिवाद करता है और जिसने पहले ही कोई ऐसी अर्जी पेश नहीं की है जिस पर इस अधिनियम के अधीन फीस उद्गृहीत की गई है, 1898 का 5 प्रथम या एक भाग परीक्षा दण्ड प्रक्रिया संहिता, 1898 के उपबन्धों के अधीन लेखबद्ध की जाए तब परिवादी एक रुपये पच्चीस पैसे की फीस का संदाय करेगा जब तक कि न्यायालय ऐसे संदाय का परिहार करना ठीक नहीं समझता है।

कतिपय दस्तावेजों की छूट।

18 इस अधिनियम में अन्तर्विष्ट कोई भी बात निम्नलिखित दस्तावेजों को किसी फीस से प्रभार्य नहीं बनायेगी :—

(i) संघ के किसी भी सशस्त्र बलों में से किसी के ऐसे सदस्य द्वारा जो सिविल नियोजन में नहीं है, वाद संस्थित करने के लिए प्रतिरक्षा करने के लिए निष्पादित मुख्तारनामा ।

(ii) वाद की प्रथम सुनवाई के पश्चात् न्यायालय द्वारा मांगे गए लिखित कथन।

(iii) वसीयत का प्रोबेट या प्रशासनपत्र जहां सम्पत्ति का मूल्य या रकम जिसके बारे में वसीयत का प्रोबेट या प्रशासन-पत्र अनुदत्त किया जायेगा, एक हजार रुपये से अनधिक है।

(iv) कलक्टर या भू-राजस्व का व्यवस्थापन करने वाले अन्य अधिकारी या राजस्व बोर्ड या आयुक्त को भूमि के निर्धारण या उस पर अधिकार या उसमें के हित के अभिनिश्चित किए जाने से संबद्ध मामलों में संबंध में दिया गया आवेदन या अर्जी, यदि वह आवेदन या अर्जी ऐसे व्यवस्थापन के अन्तिम पुष्टीकरण के पहले पेश की गई है।

(v) सिंचाई के लिए सरकार जल के प्रदाय के सम्बध में आवेदन ।

(vi) खेती का विस्तार करने या भूमि के त्याग करने की इजाजत के लिए भू राजस्व के किसी अधिकारी के समक्ष ऐसे व्यक्ति द्वारा, जो सीधे सरकार से किए गए वचनबध के अधीन ऐसी भूमि का धारक है जिसका राजस्व परिनिर्धारित तो है किन्तु स्थायी रूप से नहीं, पेश किया गया आवेदन ।

(vii) भूमि के त्याग के लिए या भाटक का वृद्धि के लिए दी गई सूचना की तामील के लिए आवेदन।

(viii) अभिकर्ता को करस्थम करने का प्राधिकार ।

(ix) साक्ष्य देने या दस्तावेज पेश करने के लिए हाजिर होने के लिए किसी साक्षी या अन्य व्यक्ति को समन करने के लिए, या ऐसे प्रदर्श को, जो ऐसा शपथपत्र नहीं है जो न्यायालय में पेश किए जाने के आसन्न प्रयोजन के लिए तैयार किया गया है, पेश या फाईल करने के बारे में प्रथम आवेदन (जो उस याचिका से भिन्न है जिसमें अपराधिक आरोप या इत्तला अन्तर्विष्ट है) ।

(x) दाण्डिक मामलों में जमानतनामें, अभियोजन करने या साक्ष्य देने के लिए मुचलके और स्वीच उपसजाति के लिये या अन्य बातों के लिए मुचलके।

(xi) किसी अपराध के बारे में पुलिस अधिकारी को या उसके समक्ष प्रस्तुत, पेश किए जाने वाले या रखे जाने वाली याचिका, आवेदन, आरोप या इत्तला ।

(xii) कैदी या अन्य व्यक्ति द्वारा जो विवाध्यता के या किसी न्यायालय या उसके अधिकारियों के अवरोध के अधीन है, याचिका।

(xiii) लोक सेवक, (भारतीय दण्ड संहिता, 1860 में यथा परिभाषित) नगरपालिका अधिकारी, या किसी रेल कम्पनी के अधिकारी या सेवक का परिवाद। 1860 45

(xiv) सरकार द्वारा आवेदक को शोध्य धन के संदाय के लिए आवेदन।

(xv) सरकारी वनों में काष्ट काटने की अनुज्ञा के लिए या ऐसे वनों से अन्यथा संबद्ध आवेदन।

(xvi) किसी नगरपालिका कर के विरुद्ध अपील की याचिका।

(xvii) लोक प्रयोजनों के लिए संपत्ति के अर्जन से संबधित तत्समय प्रवृत्त विधि के अधीन प्रतिकर के लिए आवेदन।

(xviii) इंडियन क्रिश्चियन मैरिज ऐक्ट, 1872 की धारा 45 और 48 के अधीन याचिकायें। 1872 15

अध्याय–4

प्रोबेट, प्रशासनपत्र और प्रशासन-प्रमणपत्र

जहां बहुत अधिक न्यायालय फीस संदत्त की गई हो वहां अवमुक्ति।

19. जहां वसीयत के प्रोबेट के लिए या प्रशासन-पत्र के लिए आवेदन करते समय किसी व्यक्ति ने मृत्तक की सपत्ति का प्राक्कलन उस मूल्य से, जो तत्पश्चात् साबित होता है, अधिक पर किया है और परिणामस्वरूप उसने उस पर बहुत अधिक न्यायालय फीस सदत्त की है, वहां, यदि उस सपत्ति के सही मूल्य के अभिनिश्चयन के छः मास के अन्दर ऐसा व्यक्ति,––

(क) उस स्थानीय क्षेत्र के, जिसमें प्रोबेट या प्रशासन-पत्र अनुदत्त किया गया है, मुख्य नियन्त्रक राजस्व प्राधिकारी के समक्ष वह प्रोबेट या प्रशासन-पत्र पेश करता है ;

(ख) ऐसे प्राधिकारी को मृतक की सपत्ति की शपथ-पत्र या प्रतिज्ञान द्वारा सत्यापित, एक विशिष्टियुक्त तालिका और मूल्यांकन प्रतिदत्त करता है ; और

(ग) यदि ऐसे प्राधिकारी का समाधान हो जाता है कि प्रोबेट या प्रशासन-पत्र पर, विधि द्वारा अपेक्षित से अधिक फीस संदत्त की गई थी, तो वहां उक्त प्राधिकारी—

(क) प्रोबेट या प्रशासन-पत्र पर के स्टांप को, यदि वह पहले ही रद्द न किया जा चुका हो, रद्द कर सकेगा;

(ख) उस पर जो न्यायालय फीस दी जानी चाहिये थी, उसे सूचित करने के लिए, अन्य स्टांप प्रतिस्थापित कर सकेगा; और

(ग) स्वविवेकानुसार, उनके अन्तर का संदाय वैसे ही अनुज्ञात कर सकेगा जैसे खराब हुए स्टाम्पों की दशा में किया जाता है या उसका प्रतिसंदाय धन के रूप में कर सकेगा ।

जहां वे ऋण जो मृत व्यक्ति द्वारा शोध्य थे उसकी संपदा में से चुकाए गए हैं वहां अवमुक्ति ।

20. जब कभी धारा 19 में निर्दिष्ट प्राधिकारी की समाधानप्रद रूप में यह साबित कर दिया जाता है कि निष्पादक या प्रशासक ने मृतक द्वारा शोध्य ऋणों की इतनी रकम चुकाई है जो संपदा की रकम या मूल्य में से काटी जाने पर, उसे घटाकर इतनी धनराशि कर देती है कि यदि वह सपदा की पूरी सकल रकम या उसका पूरा सकल मूल्य होती तो उस संपदा के बारे में अनुदत्त प्रोबेट या प्रशासन-पत्र पर इस अधिनियम के अधीन उस पर वास्तव में दी गई फीस से कम फीस संदत्त करनी पड़ती, तब ऐसा प्राधिकारी उस अन्तर को वापस कर सकेगा, परन्तु यह तब जब कि उसका दावा ऐसे प्रोबेट या प्रशासन-पत्र की तारीख के पश्चात तीन वर्ष के भीतर किया जाए।

किन्तु जब, किसी विधिक कार्यवाही के कारण मृतक द्वारा शोध्य ऋण अभिनिश्चित या संदत्त नहीं किए गए हैं या उसकी चीजबस्त प्रत्युद्धत नहीं हुई है, और उपलब्ध नहीं हुई है, और उसके परिणामस्वरूप निष्पादक या प्रशासक ऐसे अन्तर की वापसी का दावा उक्त तीन वर्ष की अवधि के अन्दर करने से निवारित हो गया है तब उक्त प्राधिकारी ऐसा दावा करने के लिए ऐसा अतिरिक्त समय अनुज्ञात कर सकेगा जो उन परिस्थितियों में युक्तियुक्त प्रतीत हो ।

अनेक अनुदानों की दशा में अवमुक्ति ।

21. (1) जब कभी संपदा की संपूर्ण संपत्ति के बारे में प्रोबेट या प्रशासन-पत्र का अनुदान किया जा चुका है या किया जाता है और इस अधिनियम के अधीन उस पर प्रभार्य पूरी फीस ी है या दी जाती है, तब इस अधिनियम के अधीन कोई फीस प्रभार्य नहीं होगा सम्पदा को सम्पूर्ण सम्पत्ति या उसके भाग के बारे में वैसा ही अनुदान किया जा

(2) जब कभी ऐसा अनुदान किसी सम्पत्ति के बारे में किया जा चुका है या किया जाता है, जो किसी सम्पदा की भागभूत है, तो इस अधिनियम के अधीन वस्तुत: संदत फीस की रकम सब काट ली जायेगी जब उसी संपदा की समरूप संपत्ति या उसमें सम्मिलित सम्पत्ति जिसके संबंध में पूर्ववर्ती अनुदान है वैसा ही अनुदान किया जाता है ।

न्यास संपत्ति के बारे में प्रोबेटों की विधि मान्यता की घोषणा यद्यपि वह संपत्ति न्यायालय फीस देने में सम्मिलित नहीं की गई है ।

22. किसी मृत व्यक्ति की वसीयत का प्रोबेट या उसकी चीजवस्तु का प्रशासन-पत्र जो इसके पहले या इसके पश्चात् अनुदत्त होता है विधिमान्य समझा जायेगा और ऐसी किसी जंगम या स्थावर संपत्ति के, जिस पर मृतक का कब्जा या हक, पूर्णत: या भागत: न्यासी के रूप में था, प्रत्युद्धरण, अन्तरण या समनुदेशन के लिए उसके निष्पादकों या प्रशासकों द्वारा काम में लाया जा सकेगा यद्यपि ऐसी सम्पत्ति की रकम या मूल्य संपदा की रकम या मूल्य में सम्मिलित नहीं किया गया है जिसके बारे में न्यायालय फीस ऐसे प्रोबेट या प्रशासन-पत्र पर दी गई थी ।

उस दशा के लिए उपबन्ध जब प्रोबेट आदि पर बहुत कम न्यायालय फीस संदत्त की गई है।

23 जहां किसी व्यक्ति ने प्रोबेट या प्रशासन-पत्र के लिए आवेदन करते समय मृतक की संपदा का प्राक्कलन उस मूल्य से जो तत्पश्चात् साबित होता है, कम पर किया है और परिणामस्वरूप उसने उस पर बहुत कम न्यायालय फीस संदत्त की है वहां उस स्थानीय क्षेत्र का, जिसमें प्रोबेट या प्रशासन-पत्र अनुदत्त किया गया है, मुख्य नियन्त्रक राजस्व प्राधिकारी, शपथपत्र या प्रतिज्ञान द्वारा मृतक की सम्पदा के मूल्य का सत्यापन किए जाने पर और उस सम्पूर्ण न्यायालय फीस का जो उस पर ऐसे मूल्य के बारे में मूलतः संदत्त की जानी चाहिये थी उस अतिरिक्त शास्ति सहित संदाय किए जाने पर जो ऐसी उचित न्यायालय फीस की पांच गुनी होगी जब प्रोबेट या प्रशासन-पत्र के अनुदान की तारीख से एक वर्ष के भीतर पेश किया जाता है, और उस दशा में बीस गुनी होगी, जब वह उस तारीख से एक वर्ष के पश्चात् पेश किया जाता है, ऐसे प्रोबेट या प्रशासन-पत्र पर मूलतः संदत्त न्यायालय फीस बिना किसी कटौती किए जाने पर प्रोबेट या प्रशासन-पत्र को सम्यक् रूप से स्टाम्पित करा सकेगा.

परन्तु यदि आवेदन, संपदा का सही मूल्य अभिनिश्चय के और इस तथ्य का कि प्रोबेट या प्रशासन-पत्र पर आरम्भ में बहुत कम न्यायालय फीस संदत्त की गई थी, पता लगने के पश्चात् छह मास के भीतर किया जाता है और यदि उक्त प्राधिकारी का समाधान हो जाता है कि ऐसी फीस भूल के या उस समय यह ज्ञात कि सम्पदा का कोई विशिष्ट भाग मृतक का था, ज्ञात न होने के परिणामस्वरूप, और कपट करने के आशय से या उचित न्यायालय फीस के संदाय में विलम्ब करने के आशय के बिना, संदत्त की गई थी तो उक्त प्राधिकारी उक्त शास्ति का परिहार कर सकेगा, और जो फीस उस पर आरम्भ में संदत्त की जानी चाहिए थी उसे पूरा करने में जितनी कमी है केवल उसी के संदाय पर प्रोबेट या प्रशासन-पत्र को सम्यक् रूप से स्टांपित करा सकेगा।

धारा 23 के अधीन प्रशासन पत्र स्टांपित किए जाने के पहले प्रशासक का का उचित प्रतिभूति देना।

24. उस प्रशासन-पत्र की दशा में जिस पर आरम्भ में बहुत कम न्यायालय फीस संदत्त की गई है, उक्त प्राधिकारी से 5.23 में निर्दिष्ट रीति में सम्यक् रूप से स्टांपित तब तक नहीं करायेगा जब तक प्रशासक उस न्यायालय को जिसने प्रशासन-पत्र अनुदत्त किया है ऐसी प्रतिभूति नहीं दे देता है जैसी यदि मृतक की संपदा का संपूर्ण मूल्य उस समय अभिनिश्चित हो जाता तो विधि के अनुसार उसके अनुदान के समय दी जानी चाहिये थी।

न्यून संदाय का पता लगने के छह मास के भीतर निष्पादन आदि का प्रोबेट आदि पर पूर्ण न्यायालय फीस का संदाय न करना।

25 जहां किसी भूल के या उस समय यह बात कि संपदा का कोई विशिष्ट भाग मृतक का था, ज्ञात न होने के परिणामस्वरूप किसी प्रोबेट या प्रशासन-पत्र पर बहुत कम न्यायालय फीस संदत्त की गई है, वहां, यदि ऐसे प्रोबेट या प्रशासन-पत्र के अधीन कार्य करने वाला कोई निष्पादक या प्रशासक, भूल का या उस चीज वस्तु का, जिसका मृतक की संपत्ति होना उस समय ज्ञात नहीं था, पता लगने के पश्चात्, छह मास के भीतर उक्त प्राधिकारी को आवेदन नहीं करता है और उस फीस की कमी को पूरा करने के लिए जो ऐसे प्रोबेट या प्रशासन-पत्र पर आरम्भ में दी जानी चाहिये थी संदाय नहीं करता है तो उसको एक हजार रुपये की धनराशि और उतनी अतिरिक्त धनराशि जो उचित न्यायालय में फीस की कमी के दस प्रतिशत के बराबर हो, समपहृत की जायेगी।

प्रोबेट या प्रशासन-पत्र के आवेदनों की सूचना का राजस्व प्राधिकारियों को दिया जाना और उस पर प्रक्रिया ।

26. (1) जहां प्रोबेट या प्रशासनपत्र के लिए आवेदन उच्च न्यायालय से भिन्न, किसी न्यायालय को किया जाता है वहां न्यायालय आवेदन की सूचना कलक्टर को दिलायेगा ।

(2) जहां यथापूर्वोक्त आवेदन उच्च न्यायालय में किया जाता है वहां उक्त न्यायालय उस आवेदन की सूचना मुख्य नियन्त्रक राजस्व प्राधिकारी को दिलायेगा ।

(3) वह कलक्टर जिसकी राजस्व अधिकारिता की स्थानीय सीमाओं के भीतर मृतक की संपत्ति या उसका कोई भाग है, किसी भी समय, किसी ऐसे मामले के, जिसमें प्रोबेट या प्रशासन-पत्र के लिए आवेदन किया गया है, अभिलेख का निरीक्षण कर या करा सकेगा और उसकी प्रतिलिपियां ले या लिवा सकेगा, और यदि ऐसे निरीक्षण पर या अन्यथा, उसकी यह राय है कि अर्जीदार ने मृतक की संपदा का मूल्य अवप्राक्कलित किया है तो यदि कलक्टर, यह ठीक समझता है तो वह अर्जीदार से (स्वयं या अभिकर्ता द्वारा) हाजिर होने की अपेक्षा कर सकेगा और साक्ष्य ले सकेगा और मामले की ऐसी रीति से जांच कर सकेगा जैसी वह ठीक समझता है, और यदि, फिर भी उसकी राय है कि संपत्ति का मूल्य अवप्राक्कलित किया है तो वह अर्जीदार से मूल्यांकन को संशोधित करने की अपेक्षा कर सकेगा ।

(4) यदि अर्जीदार मूल्यांकन को, ऐसे संशोधित नहीं करता है कि कलक्टर का उससे समाधान हो जाए तो जिस न्यायालय के समक्ष प्रोबेट या प्रशासन-पत्र के लिए आवेदन किया गया था उससे उस संपत्ति के सही मूल्य की जांच करने के लिए कलक्टर समावेदन कर सकेगा :

1925 का 39

परन्तु भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम, 1925 की धारा 317 द्वारा अपेक्षित तालिका के प्रदर्शन की तारीख से छह मास के अवसान के पश्चात ऐसा कोई भी समावेदन नहीं किया जायेगा ।

(5) यथापूर्वोक्त आवेदन किए जाने पर, न्यायालय तदनुसार जांच करेगा/करायेगा और यथाशक्य निकटतम सही मूल्य का, जो मृतक की सम्पत्ति का प्राक्कलित किया जाना चाहिए था, निष्कर्ष, अभिलिखित करेगा और कुलैक्टर जांच का पक्षकार समझा जायेगा ।

(6) उप-धारा (5) के अधीन किसी ऐसी जांच प्रयोजनों के लिए न्यायालय या वह व्यक्ति जो जांच करने के लिए न्यायालय द्वारा प्राधिकृत किया गया है, प्रोबेट या प्रशासन-पत्र के अर्जीदार की परीक्षा (चाहे स्वयं या कमीशन द्वारा) शपथ पर कर सकेगा और ऐसा अतिरिक्त साक्ष्य ले सकेगा जो संपत्ति के सही मूल्य को साबित करने के लिए पेश किया जाए और ऐसा व्यक्ति अपने द्वारा लिए गए साक्ष्य न्यायालय को वापिस कर देगा और जांच के परिणाम की रिपोर्ट देगा और ऐसी रिपोर्ट तथा इस प्रकार लिया गया साक्ष्य, कार्यवाही में साक्ष्य होंगे और न्यायालय, तब के सिवाय जब कि उसका वह समाधान हो जाता है कि रिपोर्ट गलत है, रिपोर्ट के अनुसार निष्कर्ष अभिलिखित करेगा ।

(7) उप-धारा (5) के अधीन अभिलिखित न्यायालय का निष्कर्ष अन्तिम होगा किन्तु उसके कारण धारा 23 के अधीन किसी आवेदन का मुख्य नियन्त्रक राजस्व प्राधिकारी द्वारा ग्रहण किया जाना और निपटाया जाना वर्जित न होगा ।

(8) राज्य सरकार उप-धारा (3) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करने में कलैक्टरों के मार्गदर्शन के लिए नियम बना सकेगी ।

प्रोबेट और प्रशासन-पत्र के बारे में न्यायालय फीस का संदाय ।

27. (1) अर्जीदार को प्रोबेट या प्रशासन पत्र के अनुदान का हकदार बनाने वाला कोई भी आदेश, ऐसे अनुदान के लिए किये गए आवेदन पर तब तक नहीं किया जायेगा जब तक अर्जीदार न्यायालय में सम्पत्ति का मूल्यांकन तृतीय अनुसूची में उपवर्णित रूप म फाईल नही कर देता है, और न्यायालय का समाधान नहीं हो जाता है कि ऐसे मूल्यांकन पर प्रथम अनुसूची के संख्यांक 9 में वर्णित फीस का संदाय हो गया है।

(2) कलैक्टर द्वारा धारा 26 की उप-धारा (4) के अधीन किए गए किसी समावेदन के कारण प्रोबेट या प्रशासन-पत्र के अनुदान में कोई विलम्ब नहीं किया जायेगा।

शास्तियों आदि की वसूली।

28. (1) धारा 26 की उप-धारा (6) के अधीन की गई जांच पर जितनी अधिक फीस संदेय पाई गई है उसे और धारा 25 के अधीन कोई शास्ति या समपहरण की, मुख्य नियन्त्रक राजस्व प्राधिकारी के प्रमाण पत्र पर, किसी भी कुलक्टर द्वारा निष्पादक या प्रशासक से ऐसे वसूल किया जा सकेगा मानों वह राजस्व का बकाया हो।

(2) मुख्य नियन्त्रक राजस्व प्राधिकारी यथापूर्वोक्त ऐसी किसी शास्ति या समपहरण का अथवा धारा 23 के अधीन शास्ति का कोई भाग या धारा 23 के अधीन किसी न्यायालय फीस का, जो उसे पूरी न्यायालय फीस से जिसका संदाय किया जाना चाहिए था, अधिक है, पूर्णत: या भागत: परिहार कर सकेगा।

प्रोबेटों या प्रशासन-पत्रों को धारा 6 और 37 का लागू न होना।

29. धारा 6 या धारा 37 में की कोई भी बात प्रोबेटों या प्रशासन पत्रों को लागू नहीं होगी।

अध्याय-5

आदेशिका फीसें

आदेशिकाओं के खर्च के बारे में नियम।

30. (1) उच्च न्यायालय, यथाशक्यशीघ्र, निम्नलिखित बातों के लिये नियम बनायेगा :—

(क) ऐसे न्यायालय द्वारा अपनी अपीली अधिकारिता में निकाली गई और ऐसी अधिकारिता को स्थानीय सीमाओं के भीतर स्थापित अन्य सिविल न्यायालयों द्वारा निकाली गई आदेशिकाओं की तामील और निष्पादन के लिए प्रभार्य फीसें ;

(ख) ऐसी सीमाओं के भीतर स्थापित दण्ड न्यायालयों द्वारा उन अपराधों के मामले में जो अपराधों से भिन्न है जिनके लिए पुलिस अधिकारी वारंट के बिना गिरफ्तार कर सकते हैं, निकाली गई आदेशिकाओं की तामील और निष्पादन के लिए प्रभार्य फीसें; तथा

(ग) उस व्यक्ति और अन्य सब व्यक्तियों का पारिश्रमिक जो न्यायालय की इजाजत से आदेशिकाओं की तामील या निष्पादन में नियोजित है।

(2) उच्च-न्यायालय उप-धारा (1) के अधीन बनाए गए नियमों में, समय-समय पर परिवर्तन और परिवर्धन कर सकेगा।

(3) उप-धारा (1) के अधीन बनाए गए सब नियम और उप-नियम (2) के अधीन किए गए सब परिवर्तन और परिवर्धन, राज्य सरकार द्वारा पुष्ट किए जाने के पश्चात् राजपत्र में प्रकाशित किए जायेंगे और तदुपरि उन्हें विधि का बल प्राप्त होगा।

(4) जब तक इस धारा के अधीन, कोई नियम बनाए और प्रकाशित न किए जाए तब तक आदेशिकाओं की तामील और निष्पादन के लिए इस अधिनियम के प्रारम्भ से ठीक पूर्व उद्ग्रहणीय फीसें उद्गृहीत की जाती रहेंगी और इस अधिनियम के अधीन उद्ग्रहणीय फीसें समझी जायेंगी।

कतिपय आदेशिकाओं के लिए छूट।

31. (1) धारा 30 या तद्धीन बनाए गए नियमों में किसी बात के होते हुए भी, निम्नलिखित की ओर से आदेशिकाओं की तामील और निष्पादन के लिए कोई फीस प्रभारित नहीं होगी :—

(क) लोक अधिकारी द्वारा अपनी पदीय हैसियत में कार्य करते समय, प्रस्तुत सूचना या परिवाद पर किन्हीं दाण्डिक कार्यवाहियों म अभियोजन ; तथा

1956 का 23 (ख) हिमाचल प्रदेश सहकारी समिति अधिनियम, 1956 के अधीन नियुक्त सामयिक अथवा मध्यस्थ।

(2) राज्य सरकार, राजपत्र में अधिसूचना द्वारा यह अवधारित कर सकेगी कि कौन व्यक्ति उप-धारा (1) के प्रयोजनार्थ लोक अधिकारी समझे जायेंगे।

आदेशिका फीस की सारणियां।

32. आदेशिकाओं की तामील और निष्पादन के लिए प्रभार्य फीसें दर्शित करने वाली एक सारणी अंग्रेजी भाषा में और देशी भाषाओं में, प्रत्येक न्यायालय के सहजदृश्य भाग में अभिदर्शित की जायेगी।

जिला और अधीनस्थ न्यायालयों में चपरासियों की संख्या।

33. (1) उच्च-न्यायालय द्वारा बनाए गए और राज्य सरकार द्वारा अनुमोदित नियमों के अधीन रहते हुए, प्रत्येक जिला न्यायाधीश और प्रत्येक जिला मजिस्ट्रेट अपने न्यायालय से तथा अपने अधीनस्थ न्यायालयों में से प्रत्येक से निकाली गई आदेशिकाओं की तामील और निष्पादन के लिए नियोजित किए जाने के लिए आवश्यक चपड़ासियों की संख्या नियत करेगा और उसमें समय-समय पर परिवर्तन कर सकेगा।

1887 का 9 (2) प्रान्तीय लघुवाद न्यायालय अधिनियम, 1887 की धारा 5 के अधीन स्थापित प्रत्येक लघुवाद न्यायालय, इस धारा के प्रयोजन के लिए जिला न्यायाधीश के न्यायालय के अधीनस्थ समझा जायेगा।

अध्याय-6

